भारत में कोयले की कमी

प्रिलिम्स के लिये:

भारत में कोयले की कमी, ताप विद्युत संयंत्र

मेन्स के लिये:

कोयले का उपयोग एवं महत्त्व, कोयले की कमी का कारण और निवारण

चर्चा में क्यों?

भारत के ताप विद्युत संयंत्र (Thermal Power Plant) कोयले की भारी कमी का सामना कर रहे हैं क्योंकि थर्मल स्टेशनों की बढ़ती संख्या के कारण कोयले का स्टॉक औसतन चार दिनों के लिये बचा है।

प्रमुख बिंदु

- **कारण:**
  - **बिजली की मांग में वृद्धि:**
    - आपूर्ति संबंधी मुद्दों के साथ युग्मित कोविड-19 महामारी से उबरने वाली अर्थव्यवस्था ने मौजूदा कोयले की कमी को जन्म दिया है।
    - भारत बिजली की मांग में तेज़ उछाल, घरेलू खदान उत्पादन पर दबाव और समुद्री कोयले की बढ़ती कीमतों के प्रभावों से परेशान है।
  - **ताप विद्युत संयंत्रों का बढ़ा हुआ हिस्सा:**
    - कोयले से चलने वाले थर्मल पावर प्लांटों ने भी मांग में वृद्धि के उच्च अनुपात की आपूर्ति की है, जिससे भारत के उर्जा मिश्रण में थर्मल पावर की हिस्सेदारी वर्ष 2019 के 61.9% से बढ़कर 66.4% हो गई है।
  - **बाढ़ और वर्षा:**
    - अप्रैल-जून की अवधि में ताप विद्युत संयंत्रों द्वारा सामान्य से कम स्टॉक संचयन और अगस्त-सितंबर में कोयला संबंधी क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण उत्पादन कम हुआ जिसकी वजह से कोयला खदानों से कोयले का कम प्रेषण हुआ।
  - **आयात कम करना:**
    - कोयले की उच्च अंतर्राष्ट्रीय कीमतों के साथ-साथ आयात कम करने के लिये उठाए गए कदमों के कारण भी संयंत्रों ने आयात में कटौती की है।
- **प्रभाव:**
  - यदि उद्योगों को बिजली की कमी का सामना करना पड़ता है, तो इससे **भारत के आर्थिक क्षेत्र की बहाली में देरी** हो सकती है।
  - कुछ **व्यवसाय उत्पादन को कम** कर सकते हैं।
  - भारत की आबादी और अविकसित ऊर्जा बुनियादी ढाँचे के कारण लंबी अवधि तक गंभीर बिजली संकट की स्थिति रह सकती है।
- **उठाए जा सकने वाले कदम:**
  - **खनन को बढ़ावा देना:**
    - सरकार स्टॉक की बारीकी से निगरानी का कार्य कर रही है और राज्य द्वारा संचालित कोल इंडिया एवं NTPC भी आपूर्ति बढ़ाने हेतु खदानों से उत्पादन में वृद्धि के लिये कार्य कर रहे हैं।
  - **आपूर्ति नियंत्रण:**
    - भारत में घरेलू बिजली आपूर्ति की राशनिंग, विशेष रूप से ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों हेतु सबसे आसान समाधानों में से एक के रूप में उभर सकती है।
    - भारतीय बिजली वितरक आमतौर पर कुछ क्षेत्रों में तब आपूर्ति में कटौती करते हैं जब उत्पादन, मांग से कम होता है और यदि आगे भी यही स्थिति रहती है तो बिजली की कटौती में विस्तार पर विचार किया जाएगा।
  - **आयात बढ़ाना:**
    - भारत को वित्तीय लागत के बावजूद अपने आयात को बढ़ाना होगा। उदाहरण के लिये इंडोनेशिया से, जहाँ कीमत मार्च के 60 डॉलर प्रति टन से बढ़कर सितंबर में 200 प्रति टन हो गई।

- **जलवद्युित उत्पादन:**
  - वहीं मानसून की बारशि से कोयला खदानों में बाढ़ आ गई है, जसिसे जलवद्युित उत्पादन (Hydro-Power Generation) को बढ़ावा मलिने की संभावना है।
  - बाँधों पर बड़ी जलवद्युित परयिोजनाएँ कोयले के बाद भारत के प्रमुख बजिली स्रोत हैं और यह क्षेत्र बारशि के मौसम में अपने चरम पर होता है जो आमतौर पर जून से अक्तूबर तक होता है।
- **प्राकृतकि गैस चालति जनरेटर की तरफ रुख:**
  - वर्तमान में वैश्वकि कीमतों में वृद्धा के बावजूद प्राकृतकि गैस की बड़ी भूमकिा हो सकती है।
  - एक नराशाजनक स्थतिमें गैस से चलने वाला बेड़ा कसिी भी व्यापक बजिली आउटेज को रोकने में मदद कर सकता है। उदाहरण के लयि राज्य द्वारा संचालति जनरेटर NTPC लमिटिेड, जसिे आवश्यकता पड़ने पर लगभग 30 मनिट में चालू कयिा जा सकता है और यह गैस ग्रडि से जुड़ा होता है।

कोयला

- यह सबसे **अधकि मात्रा में पाया जाने वाला जीवाश्म ईंधन** है। इसका उपयोग घरेलू ईंधन के रूप में, लोहा, इस्पात, भाप इंजन जैसे उद्योगों में और बजिली पैदा करने के लयि कयिा जाता है। कोयले से से उत्पन्न बजिली को '**थर्मल पावर**' कहते हैं।
- आज हम जसि कोयले का उपयोग कर रहे हैं वह लाखों साल पहले बना था, जब वशिाल फर्न और दलदल पृथ्वी की परतों के नीचे दब गए थे। इसलयि कोयले को **बरीड सनशाइन** (Buried Sunshine) कहा जाता है।
- **दुनयिा के प्रमुख कोयला उत्पादकों में** चीन, अमेरकिा, ऑस्ट्रेलयिा, इंडोनेशयिा और भारत शामलि हैं।
- **भारत के कोयला उत्पादक क्षेत्रों में** झारखंड में रानीगंज, झरयिा, धनबाद और बोकारो शामलि हैं।
- कोयले को भी चार रैंकों में वर्गीकृत कयिा गया है: एन्थ्रेसाइट, बटिुमनिस, सबबटिुमनिस और लग्निाइट। यह रैंकगि कोयले में मौजूद कार्बन के प्रकार व मात्रा और कोयले की उष्मा ऊर्जा की मात्रा पर नर्भिर करती है।

स्रोत: द हदिू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/coal-crunch-in-india